205 दर्ज किया गया सोमवार को दिल्ली का एयर इंडेक्स। फरीदाबाद का एयर इंडेक्स 240, गाजियाबाद का 256, ग्रेटर नोएडा का 172, गुरुग्राम का 125 और नोएडा का 213 दर्ज किया गया।

www.jagran.com राष्ट्रीय संस्करण
दैनिक जागरण
मंगलवार 3 मार्च 2020

पुलिस लोगों के दिलों से डर निकाले : बैजल

सुधरते हालात ▶ उपराज्यपाल ने दंगा प्रभावित इलाकों में पीड़ितों से सुना उनका दर्द, सभी को सुरक्षा का दिलाया विश्वास

लोगों से किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान नहीं देने को कहा

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली

दिल्ली के उपराज्यपाल अनिल बैजल ने सोमवार को दंगा प्रभावित इलाकों का दौरा किया। उपराज्यपाल के साथ पुलिस आयुक्त एसएन श्रीवास्तव व पूर्वी दिल्ली नगर निगम की निगमायुक्त दिलराज कौर व कई विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। उपराज्यपाल शिव विहार, करावल नगर, बृजपुरी, चांदबाग गए और दंगा पीड़ितों से उनका दर्द सुना। इसके साथ ही उन्होंने उन्हें विश्वास दिलाया कि वह सुरक्षित हैं, उन्हें किसी से डरने की जरूरत नहीं है। दिल्ली में हालात पूरी तरह से समान्य हैं। किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें।

शिव विहार में पीड़ितों ने उपराज्यपाल को बताया कि किस तरह से दंगाइयों ने उनके घरों व दुकानों के साथ ही वाहनों को आग के हवाले कर दिया। लोग अपनी जान बचाने के लिए भाग रहे थे, कई तरफ से दंगाइयों से घिरे हुए थे। दंगों की वजह से वे बर्बाद हो गए हैं। उनकी सारी जमा पूंजी चली गई। सबसे ज्यादा नुकसान शिव विहार में हुआ है। पुलिस अगर नहीं आती तो शायद वे बच भी नहीं पाते।

दंगा प्रभावित क्षेत्र शिव विहार में उपराज्यपाल अनिल बैजल को जानकारी देते पुलिस अधिकारी। साथ में पुलिस आयुक्त एसएन श्रीवास्तव (मध्य)। जागरण

उपराज्यपाल ने पुलिस को निर्देश दिए किए वह अमन कमेटियों के साथ मिलकर लोगों के दिलों से डर को निकाले। जो दूरियां समुदायों के बीच है, उन्हें पाटने का काम किया जाए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति और सामान्य स्थिति बहाल करना हमारी प्राथमिकता है। पुलिस लगातार फ्लैग मार्च करे। उन्होंने निगम को आदेश दिया कि वह क्षेत्र में बड़े स्तर पर सफाई अभियान चलाए। उपराज्यपाल से शिव विहार तिराहे पर मिली अवैध तेजाब फैक्ट्री के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा वह जांच का विषय है। उन्होंने अफवाह पर ध्यान नहीं देने की सलाह दी।

पुलिस सुरक्षा में विद्यार्थियों ने दी परीक्षा

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली : दंगा प्रभावित इलाकों में हालात सामान्य होने पर एक सप्ताह के बाद सोमवार को सीबीएसइ बोर्ड की 12वीं की भौतिकी की परीक्षा हुई। परीक्षा केंद्रों के बाहर सुबह से ही पुलिस और अर्धसैनिक बलों का कड़ा पहरा था। परीक्षार्थी अभिभावकों के साथ परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे। उनके चेहरों पर भी तनाव व दहशत साफ झलक रही थी। जब तक परीक्षा खत्म नहीं हो गई, अभिभावक केंद्र के बाहर डटे रहे। खजूरी खास के राजकीय कन्या विद्यालय केंद्र पर खजूरी खास के एसीपी हरीश कुककैती और थानाध्यक्ष पवन कुमार ने परीक्षार्थियों का स्वागत गुलाब का फूल देकर किया। इससे विद्यार्थी काफी खुश दिखे। बता दें कि गत सोमवार को 10वीं और 12वीं बोर्ड की परीक्षाएं थी, उसी दौरान दंगे भड़क गए थे। विद्यार्थी दंगों में बुरी तरह से फंस गए थे। वजीराबाद रोड स्थित विक्टोरिया स्कूल में भी परीक्षा का केंद्र था। दंगाइयों ने स्कूल के बाहर खड़े स्कूल के वाहनों को आग लगा दी थी। उस दंगे के बाद अब इस सोमवार को विद्यार्थी परीक्षा देने के लिए पहुंचे। उनके चेहरे पर डर झलक रहा था। जाफराबाद, शिव विहार, वेलकम, कर्दमपुरी, यमुना विहार, करावल नगर सहित अन्य इलाकों में माहौल शांत रहा। परीक्षा खत्म होते ही परीक्षार्थी तुंरत अपने घरों को निकल गए। भौतिकी की परीक्षा देकर बाहर आए विद्यार्थियों ने पेपर बहुत ही लंबा और कठिन बताया।

सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी, चीजों को होने से नहीं रोक सकते

▶ भाजपा नेताओं के खिलाफ एफआइआर की मांग वाली याचिका पर कल सुनवाई

नई दिल्ली, एजेंसियां : 'हम यह नहीं कह रहे हैं कि लोगों को मरना चाहिए। इस तरह के दबाव से निपटने में हम सक्षम नहीं हैं। हम चीजों को होने से नहीं रोक सकते।' सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी कथित भड़काऊ भाषणों के लिए भाजपा नेताओं कपिल मिश्रा, अनुराग ठाकुर, प्रवेश वर्मा और अन्य के खिलाफ तत्काल एफआइआर दर्ज करने की मांग संबंधी याचिका पर चार मार्च को सुनवाई के लिए सहमति देते हुए की। दिल्ली हिंसा के 10 पीड़ितों के एक समूह की ओर से दायर इस याचिका में कहा गया है कि कथित रूप से इन नेताओं के भाषणों की वजह से ही उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हिंसा भड़की थी।

प्रधान न्यायाधीश एसए बोबडे, जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस सूर्यकांत की पीठ के समक्ष हिंसा प्रभावितों की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कोलिन गोंसाल्विस ने बताया कि दिल्ली हाई कोर्ट ने पिछले हफ्ते इस मामले की सुनवाई छह हफ्ते के लिए स्थगित कर दी, जबकि हर दिन लोग मर रहे हैं। यह बहुत ही अहम मसला है और शीर्ष अदालत को इस पर आज-कल में ही सुनवाई करनी चाहिए। इस पर प्रधान न्यायाधीश ने कहा, 'हम एहतियाती राहत नहीं दे सकते। हम खुद पर एक तरह का दबाव महसूस करते हैं। हम हालात से तभी निपट सकते हैं जब वह घटित हो जाए। हम पर जिस तरह का दबाव है, उससे हम नहीं निपट सकते... यह ऐसा है कि जैसे अदालत जिम्मेदार है। हम अखबारों को पढ़ते हैं। हमें पता है कि किस तरह के बयान दिए गए हैं। अदालत तभी परिदृश्य में आती है जब चीजें घटित हो चुकी हों और अदालतें ऐसी चीज को रोक नहीं पातीं। हम शांति की कामना करते हैं...'

आइबी अधिकारी की हत्या की जांच अदालत की निगरानी में कराने की मांग : सामाजिक कार्यकर्ता योगिता भयाना ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल करके दिल्ली हिंसा, आइबी अधिकारी अंकित शर्मा की हत्या, धार्मिक स्थलों में तोड़फोड़ और सीआरपीएफ पर एसिड हमले की जांच अदालत की निगरानी में एसआइटी से कराने की मांग की है। साथ ही याचिका में बीएसएफ जवान के घर तोड़फोड़ और हिंसा रोकने में पुलिस अधिकारियों की नाकामी की जांच भी एसआइटी से कराने की मांग की गई है।

केजरीवाल ने कहा, साझा करें हिंसा पीड़ितों की जानकारी

राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली

दिल्ली हिंसा से पीड़ित परिवारों की तत्काल मदद के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने लोगों से ऐसे पीड़ित परिवारों की जानकारी हैशटैग दिल्ली रिलीफ के साथ ट्विटर पर साझा करने की अपील की है। इसमें पीड़ित का पता व मोबाइल नंबर साझा करने की अपील की गई है, जिससे हिंसा पीड़ित को तत्काल मदद पहुंच सके। मुख्यमंत्री ने यह अपील ट्वीट करके की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम 24 घंटे प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने अपील की कि अगर आप हिंसा पीड़ित किसी व्यक्ति को जानते हैं, जिसे मदद की आवश्यकता है तो आप हमें उसकी जानकारी दे सकते हैं। लोगों से जरूरतमंदों का सही पता और मोबाइल नंबर समेत अन्य जानकारी साझा करने की अपील की है, जिससे उस व्यक्ति तक पहुंचा जा सके। अरविंद केजरीवाल ने आश्वस्त किया कि ऐसे लोगों को तत्काल मदद दी जाएगी।

नुकसान का आकलन करने में जुटे अधिकारी : केजरीवाल ने हिंसा से पीड़ित परिवारों के लिए राहत व पुनर्वास कार्य तेज करने का निर्देश प्रशासन को भी दे रखा है। लगातार 24 घंटे इस पर नजर भी रख रहे हैं, जिससे पीड़ितों को मदद मिलने में कोई परेशानी न हो। जिनके घर जल गए हैं, उन्हें तत्काल 25 हजार रुपये की सहायता राशि दी जा रही है। हालांकि अधिकारी उनके नुकसान का आकलन करने में जुटे हैं। यह कार्य लगभग पूरा होने वाला है और जल्द ही पीड़ित लोगों को घोषित मुआवजे का लाभ दिया जाएगा। साथ ही हिंसा पीड़ितों के रहने के लिए राहत शिविर बनाए गए हैं। सरकार की तरफ से लोगों को लगातार खाना पहुंचाया जा रहा है। हिंसा के बाद अपना घर छोड़कर जा चुके लोगों से भी लौटने की मुख्यमंत्री अपील कर चुके हैं।

अरविंद केजरीवाल। (फाइल)

- मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर पता व मोबाइल नंबर साझा करने की अपील की
- कहा, हिंसा पीड़ितों को मदद पहुंचाने के लिए दिल्ली सरकार कर रही 24 घंटे प्रयास

फर्जी खबरें पोस्ट करने वालों को होगी जेल

राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली

- विधानसभा की शांति एवं सद्भाव समिति की बैठक में फैसला
- शिकायत के लिए आज जारी होगा मोबाइल नंबर और ई मेल आइडी
- फर्जी खबरें पोस्ट करने वालों की जानकारी देने वाले होंगे पुरस्कृत

सोशल मीडिया पर फर्जी और अफवाहें फैलाने वाली पोस्ट डालने वालों की अब खैर नहीं है। ऐसा करने वालों को तीन साल की जेल काटनी पड़ सकती है। सोमवार को विधानसभा की शांति एवं सद्भाव समिति की बैठक यह फैसला लिया गया।

समिति ने दिल्ली में हुए दंगों के मद्देनजर यह फैसला लिया है। यह समिति एक एजेंसी की मदद से सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही फर्जी खबरों की जांच कराएगी और आरोपितों पर मुकदमा दर्ज कराएगी। साथ ही समिति ने सोशल मीडिया पर ऐसी फर्जी खबरें फैलाने वालों की जानकारी देने वालों को पुरस्कृत करने का भी निर्णय लिया है। इसके लिए मंगलवार को एक ईमेल आइडी और मोबाइल नंबर जारी किया जाएगा। पुरस्कार की राशि अभी तय नहीं है। हालांकि समिति के कुछ सदस्यों ने 10 हजार रुपये इनाम देने की सिफारिश की है।

गौरतलब है कि विधानसभा ने दिल्ली में हुए दंगों की वजह जानने और उस पर रोकथाम के लिए दिल्ली विधानसभा की शांति एवं सद्भाव समिति का गठन किया है। इस समिति का अध्यक्ष ग्रेटर कैलाश से विधायक सौरभ भारद्वाज को बनाया गया है, जबकि विधायक अब्दुल रहमान, अजय कुमार महावर, अतिशी, बीएस जून, जरनैल सिंह, दिलीप पांडेय, कुलदीप कुमार और राघव चड्ढा को सदस्य बनाया गया है।

समिति लेगी सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों की मदद

बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में सौरभ ने बताया कि समिति ने यह भी फैसला लिया है कि कुछ सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों की मदद ली जाएगी क्योंकि उनके पास कानून का अच्छा अनुभव होता है। सेवानिवृत्त अधिकारी समिति को राय देंगे कि जो लोग गड़बड़ी व घृणा फैला रहे हैं, उनको किस तरह से सजा दी जाए।

वाट्सएप, फेसबुक के अफसरों से भी ली जाएगी सहायता

इसके अलावा समिति के पास एक और प्रस्ताव आया है कि वाट्सएप, फेसबुक और ट्विटर आदि के वरिष्ठ अधिकारियों से मदद ली जाएगी। उनसे बात की जाएगी कि समिति की वे कैसे मदद कर सकते हैं।

भाजपा की मांग, दंगाइयों की संपत्ति से हो नुकसान की भरपाई

राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली

भाजपा विधायकों ने उपराज्यपाल अनिल बैजल से उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुई हिंसा की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग करते हुए दंगे के दौरान हुए नुकसान की भरपाई दंगाइयों की संपत्ति से करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत दौरे के समय एक साजिश के तहत दिल्ली में हिंसा कराकर देश की छवि खराब करने की कोशिश की गई। माहौल बिगाड़ने के लिए अभी भी अफवाह फैलाई जा रही है, जिसकी जांच जरूरी है।

दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी के नेतृत्व में भाजपा विधायकों के शिष्टमंडल ने राजनिवास जाकर उपराज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। बिधूड़ी ने कहा कि हिंसाग्रस्त इलाके में पहले से हथियार जमा किए गए थे। अभी भी वहां हथियार हो सकते हैं, इसलिए प्रत्येक घर की तलाशी लेकर अवैध रूप से हथियार रखने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने हिंसा में संपत्ति के नुकसान की भरपाई भी दंगाइयों से करने की मांग की। रविवार शाम को राजधानी के कई हिस्से में दंगे की अफवाह फैलाई गई। दंगों के दौरान लोगों की संपत्ति का भी भारी नुकसान हुआ है जिसकी भरपाई दंगाइयों से की जानी चाहिए। कहा कि उकसावे के बावजूद दिल्ली पुलिस और अर्धसैनिक बलों के जवानों ने धैर्य व संयम का परिचय दिया। गृह मंत्री अमित शाह के सक्षम नेतृत्व में सुरक्षा बलों ने समय रहते स्थिति पर काबू पा लिया।

उन्होंने कहा कि सड़क को घेरकर प्रदर्शन करना गलत परंपरा है। इसकी इजाजत नहीं दी जानी चाहिए। प्रदर्शन के लिए जंतर-मंतर जैसी जगह सुनिश्चित है। अगर किसी को विरोध प्रकट करना है तो वहीं आकर करना चाहिए। शिष्टमंडल में विधायक मोहन सिंह बिष्ट, विजेंद्र गुप्ता, ओमप्रकाश शर्मा, अनिल वाजपेयी, जितेंद्र महाजन तथा अभय वर्मा शामिल थे।

बीमा दावों के त्वरित निपटारे के लिए पीएमओ ने बुलाई बैठक

नई दिल्ली, आइएएनएस : उत्तर-पूर्वी दिल्ली के हिंसा प्रभावित इलाकों से आ रहे बीमा दावों के त्वरित और परेशानी रहित निपटारे के लिए प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने सरकारी बीमा कंपनियों की एक बैठक बुलाई है।

हालांकि ये अभी शुरुआती दिन हैं, लेकिन प्रारंभिक अनुमान बताते हैं कि 10 से 15 करोड़ रुपये के बीमा दावे पेश किए जा सकते हैं। हालात सामान्य होने के बाद जब सर्वेयर मूल्यांकन शुरू करेंगे तब बीमा दावों की राशि बढ़ सकती है। सूत्रों ने बताया कि संभावित हालात और दावों की स्थिति की पीएमओ पहले ही समीक्षा कर चुका है। उन्होंने बताया कि सरकारी बीमा कंपनी जीवन बीमा निगम (एलआइसी) रिकॉर्ड समय में दिल्ली पुलिस के मारे गए हेड कांस्टेबल की बीमा राशि का भुगतान कर चुका है। अभी तक पेश किए गए बीमा दावों में ज्यादातर मोटर वाहनों को हुए नुकसान और कारोबार को हुए नुकसान से संबंधित हैं। एक निजी बीमा कंपनी के एक एक्जीक्यूटिव ने बताया कि भारत में संपत्ति, कारोबार, दुकानों और घरों का सामान्य तौर पर बीमा नहीं कराया जाता। चूंकि मोटर वाहनों का बीमा कराना अनिवार्य है इसलिए ज्यादातर दावों में वाहनों को हुए नुकसान ही शामिल हैं, लेकिन स्थिति अभी स्पष्ट नहीं है।

हेड कांस्टेबल रतन लाल के हत्यारोपित का मिला सुराग

▶ प्रथम पृष्ठ से आगे

24 फरवरी को वजीराबाद रोड पर दंगे के दौरान दिल्ली पुलिस के हेड कांस्टेबल रतन लाल को सामने से गोली मारने वाले दंगाई के बारे में क्राइम ब्रांच को अहम सुराग मिला है। डीसीपी शाहदरा अमित शर्मा को बचाने के दौरान उनकी हत्या कर दी गई थी।

जामिया इलाके में छिपा है ताहिर : आइबी के सिपाही अंकित शर्मा की हत्या का आरोपित आम आदमी पार्टी से निलंबित पार्षद ताहिर हुसैन व हवलदार दीपक दहिया पर पिस्टल तानने वाले शाहरुख को अब तक पुलिस गिरफ्तार नहीं कर पाई है। पुलिस को शक है कि ताहिर जामिया इलाके में छिपा है। वहां उसके कई रिश्तेदार रहते हैं। वहीं, शाहरुख की तलाश में दिल्ली, पंजाब व उत्तर प्रदेश में स्पेशल सेल छापेमारी कर रही है।

अंकित के परिजन को भी एक करोड़ देगी दिल्ली सरकार : मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आइबी जवान अंकित शर्मा के परिवार को एक करोड़ रुपये की सम्मान राशि देने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि परिवार के किसी एक सदस्य को सरकारी नौकरी भी दी जाएगी।

पुलिस जांच के बाद सील होगी तेजाब फैक्ट्री : शिव विहार के गोविंद विहार स्थित तेजाब फैक्ट्री को पुलिस जांच के बाद सील किया जाएगा। यह वही तेजाब फैक्ट्री है जहां से दंगा प्रभावित इलाकों में तेजाब पहुंचाया गया था। इसकी वजह से भारी तबाही हुई थी। यहां तक कि पुलिसकर्मियों पर भी तेजाब से हमला किया गया था।

दंगों से पहले भी तेजाब आपूर्ति हुई थी। यहां जब पुलिस पहुंची तब भी 60 हजार लीटर तेजाब मिला। गंगा जल लिखे टंकियों में तेजाब जमा किया जाता था। यह फैक्ट्री इस इलाके में अवैध तरीके से चलाई जा रही थी। नगर निगम शाहदरा उत्तरी जोन के चेयरमैन प्रवेश शर्मा ने इस फैक्ट्री को तत्काल प्रभाव से सील करने का आदेश दिया था लेकिन यह अभी तक सील नहीं हो पाया है। निगम अधिकारियों का कहना है कि अभी यहां पुलिस जांच चल रही है। इस कारण इसे सील नहीं किया जा सकता है।

योगी ने दी गौतमबुद्ध नगर को 2821 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात

जागरण संवाददाता, नोएडा

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा प्रवास के दूसरे दिन जिले को 2821 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात दी। सेक्टर 38ए के बोटेनिकल गार्डन में उन्होंने दस परियोजनाओं का लोकार्पण और दस परियोजनाओं का शिलान्यास किया। जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नोएडा-ग्रेटर नोएडा में शासन स्तर पर विश्वस्तरीय सुविधाएं दी जा रही हैं। ये दोनों शहर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्मार्ट सिटी के संकल्प को पूरा करने के लिए तेजी से बढ़ रहे हैं। जेवर एयरपोर्ट का निर्माण पूरा होने के बाद आने वाले समय में गौतमबुद्ध नगर विश्वस्तरीय सुविधाओं वाला शहर होगा और यहां लाखों लोगों के लिए रोजगार के अवसर खुलेंगे।

प्रदेश में जिला स्तर पर खोलेंगे युवा हब : मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उनकी सरकार युवाओं के लिए काम कर रही है। प्रदेश में हम हर जिला स्तर युवा हब के नाम से स्टार्टअप खोलने जा रहे हैं। प्रत्येक युवा हब में पांच हजार युवाओं को जोड़ने का लक्ष्य है। ऐसे युवाओं को 2500 रुपये मासिक मानदेय भी दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि विकास के जिस मॉडल को हमें दुनिया के सामने रखना चाहिए था, उसकी हमने पिछले तीन साल में नींव रख दी है। नोएडा विकास प्राधिकरण की मल्टीलेवल पार्किंग का हवाला देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पार्किंग में 7500 वाहन एक साथ पार्क हो सकते हैं। यह देश की सबसे बड़ी मल्टीलेवल पार्किंग है। इससे लोगों को सुविधा होगी।

योगी आदित्यनाथ। (फाइल)

जेवर में निवेश के लिए लाइन में बड़ी कंपनियां

जेवर एयरपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि हम विश्व का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बना रहे हैं। वर्ष 2015 से 2017 के बीच जिस भट्ठा पारसौल में दिन में भी लोग जाने से डरते थे, तीन साल में वहां सब कुछ बदल चुका है। अब विश्व की बड़ी कंपनियां यहां निवेश के लिए हमसे संपर्क कर रही हैं। यहां के युवाओं को अब चिंता करने की जरूरत नहीं है। सरकार ने ऐसा माहौल बना दिया है कि रोजगार के लिए कहीं और नहीं जाना होगा। विकास परियोजनाओं को समय पर शुरू करने के लिए उन्होंने नोएडा-ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण के अधिकारियों की सराहना की, साथ ही ईमानदारी से काम करने की नसीहत भी दी।

5,000 फ्लैटों की डीडीए की नई आवासीय योजना जुलाई में

संजीव गुप्ता, नई दिल्ली

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की नई आवासीय योजना जुलाई में आएगी। इस योजना में पांच हजार फ्लैट शामिल रहेंगे। पहली बार सुपर एचआइजी फ्लैट भी इसका हिस्सा होंगे। फिलहाल आला अधिकारी इस योजना का प्रारूप तैयार करने में लगे हैं। इसके बाद उपराज्यपाल की मंजूरी के लिए इस प्रारूप को डीडीए बोर्ड की बैठक में लाया जाएगा।

2014 से 2019 के बीच आई डीडीए की तीन स्कीमों को अच्छा रिस्पांस नहीं मिल पाया। बड़ी संख्या में आवंटियों ने अपने फ्लैट वापस भी कर दिए। ज्यादातर की शिकायत फ्लैटों का आकार छोटा होने से जुड़ी थी। इसके बाद डीडीए ने नए फ्लैट बनाने से भी तौबा कर ली। लेकिन जो फ्लैट बनने शुरू हो गए थे, वे जैसे-जैसे तैयार होते जाएंगे, डीडीए कुछ- कुछ हजार फ्लैटों की आवासीय योजना लाता रहेगा। हर योजना में पहले की शिकायतों को ध्यान में रखते हुए सुधार होगा। इसी कड़ी में अगली योजना जुलाई में लाने की तैयारी है। नई योजना के सभी फ्लैट द्वारका, जसोला, रोहिणी और नरेला में होंगे। इस बार फ्लैट पूर्णतया तैयार हो जाने के बाद ही योजना लाई जाएगी। इन फ्लैटों में बिजली-पानी, परिवहन, रंग- रोगन, पार्क और अन्य सभी सुविधाएं भी पहले से ही मुहैया करा दी जाएंगी, ताकि बाद में सफल आवंटियों को कोई शिकायत न रहे।

इसमें एचआइजी, एमआइजी, एलआइजी और ईडब्ल्यूएस फ्लैट तो शामिल रहेंगे ही, करीब छह दशक से भी अधिक लंबे इतिहास में डीडीए सुपर एचआइजी फ्लैट भी ऑफर करेगा। इन फ्लैटों को पेंट हाउस भी कहा जा रहा है। यह फ्लैट द्वारका में टॉप फ्लोर पर होंगे। जगह अधिक होने के चलते इनकी कीमत दो से तीन करोड़ रुपये के बीच रहेगी।

नई आवासीय योजना का प्रारूप तैयार किया जा रहा है। जल्द ही सभी औपचारिकताएं पूरी करके योजना का पूरा प्रारूप उपराज्यपाल और डीडीए अध्यक्ष की स्वीकृति के लिए बोर्ड बैठक में रखा जाएगा।

-तरुण कपूर, उपाध्यक्ष, डीडीए

तलाशी राह

आइआइटी दिल्ली की केमिकल इंजीनियरिंग की एसोसिएट प्रोफेसर शालिनी गुप्ता को नई तकनीक विकसित करने के लिए राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद कर चुके हैं सम्मानित

खून में बैक्टीरिया के संक्रमण का दस मिनट में लग जाएगा पता

राहुल मानव, नई दिल्ली

खून में बैक्टीरिया का संक्रमण है या नहीं यह अब सिर्फ दस मिनट में ही पता लग जाएगा। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) दिल्ली की केमिकल इंजीनियरिंग की एसोसिएट प्रोफेसर शालिनी गुप्ता ने ऐसी ही एक तकनीक को विकसित किया है। इस तकनीक को विकसित करने के लिए 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान स्थापना दिवस के मौके पर विज्ञान भवन में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की तरफ से उन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। सामाजिक लाभ के लिए प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग के माध्यम से उत्कृष्टता दिखाने वाली युवतियों को इस राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। उन्हें वर्ष 2019 के लिए इस पुरस्कार से नवाजा गया है। इस पुरस्कार को भारत सरकार के विज्ञान एवं तकनीक विभाग (डीएसटी) के सौजन्य से प्रदान किया गया है। डॉ. शालिनी बैक्टीरिया संक्रमण का तेजी से इलाज करने की प्रणाली पर काम कर रही हैं। उन्होंने एक ऐसी डिवाइस को तैयार की है जिससे सिर्फ दस मिनट में खून की जांच करते हुए बैक्टीरिया के संक्रमण के बारे में पता लगाया जा सकता है। साथ ही उसकी क्षमता की भी जानकारी मिल सकेगी। डॉ. शालिनी ने इस तकनीक का पेटेंट भी करा लिया है।

आइआइटी दिल्ली की एसोसिएट प्रोफेसर शालिनी गुप्ता डिवाइस दिखाते हुए। जागरण

डिवाइस में पिंक रंग आने से पता लग जाता है कि खून में बैक्टीरिया का संक्रमण है या नहीं। सौ. प्रो. शालिनी

डॉ. शालिनी ने वर्ष 2002 में आइआइटी, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) से केमिकल इंजीनियरिंग में बीटेक की डिग्री प्राप्त की है। इसके बाद उन्होंने अमेरिका की नॉर्थ कैरोलिना स्टेट यूनिवर्सिटी से केमिकल एंड बॉयोमॉलिक्यूलर में पीएचडी की डिग्री हासिल की है। उन्होंने अपने सहयोगियों के साथ आइआइटी दिल्ली में नैनोडेक्स स्टार्ट-अप कंपनी भी स्थापित की है।

कैसे काम करती है यह तकनीक

डॉ. शालिनी ने बताया है कि पांच साल की मेहनत के बाद यह तकनीक विकसित की गई है। इसमें डिवाइस के अंदर दो माइक्रोलीटर खून की बूंद डालनी होती है और इसके बाद कुछ रासायनिक (कैमिकल सॉल्यूशन) पदार्थ डालने होते हैं। इसके बाद खून का रंग अगर बहुत ज्यादा घना गुलाबी रंग का होता है तो इसका अर्थ है कि खून में बैक्टीरिया का संक्रमण है। अगर गुलाबी रंग बिल्कुल भी नहीं आता है तो इसका अर्थ है कि खून में बैक्टीरिया का संक्रमण नहीं है।

क्या होता है असर

डॉ. शालिनी ने कहा कि खून में बैक्टीरिया का संक्रमण पाया जाता है तो इससे शरीर में सैप्टिसीमिया बीमारी होने की आशंका रहती है। बैक्टीरिया का संक्रमण खून के जरिये पूरे शरीर में फैल जाता है जो जीवन के लिए खतरनाक हो जाता है। इस तरह का संक्रमण दिल की धड़कनें तेज कर सकता है, श्वसन क्रिया को भी तेज कर सकता है। इससे निमोनिया और किडनी का संक्रमण भी हो सकता है।

क्या हैं फायदे

डॉ. शालिनी ने बताया कि मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज के क्लिनिक में इस तकनीक को पिछले दो वर्षों में 300 मरीजों पर आजमाया गया है। आमतौर पर लैब में खून की जांच कराने में एक दिन का समय लग जाता है। डीएनए के जरिये मशीनी उपकरणों से टेस्ट कराते हैं तो तीन घंटे लगते हैं। इस तकनीक से दस मिनट में खून की सफलतापूर्वक जांच हो जाती है।

लगातार तीन दिन बारिश के आसार

राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली : फिलहाल भले ही मौसम में गर्मी का एहसास बढ़ रहा हो, लेकिन एक-दो दिन में ही फिर से फिजा बदलने के आसार हैं। हिमालय क्षेत्र में सक्रिय होने जा रहे पश्चिमी विक्षोभ के असर से दिल्ली में लगातार तीन दिन तेज हवा चलने और बारिश होने की संभावना है। हालांकि बुधवार को अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस तक चले जाने की उम्मीद है।

सोमवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक 28.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक 14.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। मौसम विभाग के अनुसार, गुरुवार को दिल्ली में हल्की बारिश हो सकती है। शुक्रवार को हवा की गति बढ़कर 40 से 45 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। तेज बारिश और ओलावृष्टि होने का अनुमान है। शनिवार को भी बारिश होने की संभावना है।